कार्यालय निदेशक माध्यमिक शिक्षा राजस्थान, बीकानेर

कार्यालय आदेश

श्री आजाद सिंह यादव व्याख्याता स्कूल शिक्षा संस्कृत राबाउमावि भीलूड़ा, डूंगरपुर द्वारा राजस्थान उच्च न्यायालय,, जोधपुर में याचिका संख्या 16057/2019 दायर की गई। जिस पर माननीय न्यायालय ने अपने आदेश दिनांक 22.10.2019 द्वारा अभ्यावेदन निस्तारण के निर्देश प्रदान किये।

श्री आजाद सिंह यादव व्याख्याता संस्कृत ने अभ्यावेदन प्रस्तुत कर निवेदन किया है कि याचिकार्थी वर्तमान में राबाउमावि भीलूड़ा, डूंगरपुर में कार्यरत है तथा इनकी धर्मपत्नि राउप्रावि बागावास, लि पाली में तृतीय श्रेणी अध्यापक पद पर कार्यरत है। दोनों के कार्यस्थल में 500 किमी. से ज्यांदा की दूरी है। इस कारण मुझे पारिवारिक समस्याओं से दो–चार होना पड़ता है। इनके द्वारा राउमावि बिलावास, पाली, राउमावि रामपुर, पाली में पदस्थापन करने हेतु निवेदन किया है।

इस सम्बंध में परीक्षण करने पर यह पाया गया कि याची का पदस्थापन विभाग पदस्थापन में रिक्त पदों को भरने की वरीयता का निर्धारण विभागीय आवश्यकता एवं प्रशासनिक व्यवस्था के अनुसार करने में अधिकार रखता है। व्याख्याता का पद राज्य स्तर का पद है, जिसकी सेवाऐं विभागीय आवश्यकता अनुसार छात्रहित एवं क्षेत्रहित में राज्य में कहीं भी ली जा सकती है। अतः याचिकार्थी द्वारा अन्यत्र समायोजन की मांग तर्क संगत नहीं है।

अतः याचिकार्थी द्वारा की गई मांग नियमानुकूल नहीं होने के कारण एतद् द्वारा खारिज किया जाकर निस्तारित किया जाता है।

संबंधित पक्षकार सूचित हों।

(हिमांशु गुप्ता)
IAS
निदेशक
माध्यमिक शिक्षा,राजस्थान
बीकानेर

क्रमांक : शिविरा/मा/संस्था/सी–1/याचिका सं. 16057/आजाद सिंह यादव/2019 दिनांक : 17.01.2020

प्रतिलिपि निम्न को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही बाबत् :–

1. संयुक्त विधि परामर्शी शिक्षा (विधि प्रकोष्ठ) विभाग जयपुर।
2. संबंधित संयुक्त निदेशक स्कूल शिक्षा।
3. संबंधित जिला शिक्षा अधिकारी, (मुख्यालय) स्कूल शिक्षा।
4. संबंधित मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी, स्कूल शिक्षा,
5. जि.शि.अ. (माध्य–विधि) जोधपुर
6. विधि अनुभाग, कार्यालय हाजा को उनके पत्र क्रमांक शिविरा–मा/विधि/बी–2/29841/एच/19 दिनांक 24.12.2019 के क्रम में।
7. सिस्टम एनालिस्ट कम्प्यूटर अनुभाग को विभागीय वैबसाइट पर अपलोड हेतु।
8. संबंधित प्राधानाचार्य
9. संबंधित व्याख्याता,

संयुक्त निदेशक (कार्मिक)
माध्यमिक शिक्षा राजस्थान
बीकानेर